# संविधान के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया

**बीकानेर,** (कासं)। गुलामी की जंजीरों को तोड़कर आजाद भारत के नव पंखों को गति देने के लिए दो वर्ष ग्यारह महीने और अठारह दिनों के संविधान सभा के अथक प्रयासों से भारतीय संविधान का निर्माण किया गया और 26 नवम्बर 1949 को स्वतंत्र एवं संप्रभु भारत का संविधान अंगीकृत किया गया।

इसी को ध्यान में रखते हुए

■ **संविधान निर्माण के 76 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संविधान दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित गया**

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के विधि विभाग और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में संविधान निर्माण के 76 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संविधान दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया एवं पंचायती न्याय व्यवस्था की महत्ता पर बात कही। मुख्य अतिथि अतुल कुमार सक्सेना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने भारतीय संविधान की निर्माण प्रक्रिया एवं भारतीयों में संविधान की आत्मा की बात की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मांडवी राजवी ने न्याय आपके द्वार एवं स्थाई लोक अदालत पर विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को अनुभव से सीखने एवं निरंतर गतिशील रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आरंभ में विधि विभाग की निदेशक डॉ संतोष कंवर शेखावत ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। अतिरिक्त कुलसचिव डॉ बिट्टल बिस्सा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। संविधान दिवस के उपलक्ष में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित मंच द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्रेया, अन्नपूर्णा और निकिता, निबंध प्रतियोगिता में अन्नपूर्णा, रोशनी, शिवम् और श्रेया। वाद विवाद प्रतियोगिता में तेजस, श्रेया, आफाक और नंदिनी को पुरस्कृत किया गया। सौम्या,कंचन और रोशनी द्वारा अन्यत्र आयोजित प्रतियोगिताओं में विधि विभाग की ओर से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर एप्रिसिएशन अवॉर्ड दिया गया।

सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा जैन और डॉ कप्तान चंद ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से डॉ गौतम मेघवंशी, डॉ अभिषेक वशिष्ठ, डॉ प्रभुदान चारण और कमलकांत शर्मा एवं विधि विभाग के संकाय सदस्य डॉ दुर्गा चौधरी, डॉ प्रदीप कच्छावा, डॉ धीरज कल्ला, राहुल यादव, मोनिका पंवार, सुमन सोढ़ा, दया प्रजापति, शोभा गुर्जर, आयुष शर्मा तथा समस्त छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भागीदारी की।

संविधान दिवस के अवसर पर इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के सेंट्रल डोम में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण महाविद्यालय परिवार ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया।

बीकानेर में जिला एवं सैशन न्यायधीश अतुल कुमार सक्सेना ने संविधान दिवस पर संकल्प का सामूहिक वाचन करवाया।

## नवलनाथ महाराज का निर्वाण दिवस मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। नत्थूसर बास स्थित श्री विवेक नाथ बगेची (नवलेश्वर मठ) में आज योगी श्रीनवलनाथ महाराज के 83 वें निर्वाण दिवस पर समाधि पूजन और धार्मिक अनुष्ठान हुए।

नवलेश्वर मठ के अधिष्ठाता पूज्य योगी शिवसत्यनाथ महाराज के सानिध्य में योगी नवलनाथ महाराज की समाधि का पूजन पंडित लोकेश शर्मा व गौरव बोहरा ने मंत्र उच्चारण महिम रूद्राष्टाध्यायी पाठ,पंचामृत अभिषेक आदि विभिन्न अनुष्ठानों से पूजा अर्चना के जरिए किया।

इस अवसर पर योगी विलासनाथ, गोविंदनाथ, ओमनाथ, भास्करनाथ महाराज आदि संत भी पूरे अनुष्ठान के दौरान उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुरूष व महिलाएं मौजूद थे। इस अवसर पर समाधि स्थल परिसर में मौजूद सभी पूज्य संतों के समाधि स्थलों की पूजा की अर्चना की गई व योगी शिवसत्यनाथ महाराज ने अपने आशीर्वचन में योगी नवलनाथ महाराज के जीवन के सिद्धांतों और धर्म परायण भाव को प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि उच्च कोटि के योगी और महान संत थे।

पूज्य नवलनाथ महाराज ने सनातन धर्म के प्रति लाखों लोगों को जागरूक करने का संकल्प लेकर जीवन पर्यन्त भक्ति साधना में लगे रहे। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण, पर्यावरण प्रेम, सनातन धर्म के प्रति आमजन में सच्ची श्रद्धा से जीवन पर्यान्त सनातन के प्रति समर्पित रहे।

## गवाह को पीटने वाले 11 लोगों को उम्रकैद

**बीकानेर,** (कासं)। मारपीट के एक मामले के गवाह को सरेआम घेरकर पीटने वाले 11 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। हॉस्पिटल डॉक्टर को दिखाने जा रहे गवाह और उसके बेटे पर कुल्हाड़ी और लाठी से हमला बोल दिया था। गवाह के पैर में 10 जगह फैक्चर हुआ था। नोखा (बीकानेर) के अपर सेशन न्यायाधीश मुकेश कुमार ने सजा सुनाई। अपर लोक अभियोजना राजाराम बिश्नोई ने बताया कि भाई धूड़ाराम के साथ हुई मारपीट के गवाह जयसुखराम पर जानलेवा हमला हुआ था। कोर्ट ने इसमें धूड़ाराम पर हमले के मामले को भी शामिल किया है। जयसुखराम के रिश्ते में लगने वाले बड़े भाई धूड़ाराम के साथ 11 लोगों ने मिलकर मारपीट की थी।

सजा पाने वालों में 6 सगे भाई बृजलाल, शिवलाल, सोहनलाल, गोपीराम, रामकुमार, रामस्वरूप शामिल हैं। इसके अलावा तीन सगे भाई देवीलाल, सुखदेव उर्फ सुखाराम, प्रदीप भी दोषी पाए गए हैं। ये सभी एक ही परिवार के है। 12 फरवरी 2016 को जयसुखराम की तबीयत बिगड़ गई थी। वह अपने बेटे राकेश के साथ सड़क पर टैक्सी के इंतजार में खड़ा था। जब टैक्सी नहीं आई तो दोनों पैदल-पैदल ही हॉस्पिटल की ओर चल पड़े थे। करीब 8 बजे वे नोखा के चुंगी नाका सुजानगढ़ रोड पहुंचे। पत्थरों के पीछे छिपे बृजलाल, देवीलाल, सुन्दरलाल, शिवलाल, सुखदेव, सोहनलाल, गोपीराम, रामकुमार, मांगीलाल, प्रदीप और रामस्वरूप ने उन्हें घेर कर बाप-बेटे पर हमला बोल दिया था।

## सार-समाचार

### स्कूलों का निरीक्षण किया

शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने पलाना के रा. उ. मा. विद्यालय में राज्य स्तरीय समान परीक्षा का औचक निरीक्षण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। माध्यमिक और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बुधवार को विभिन्न विद्यालयों में राज्य स्तरीय समान परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। पलाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अध्यापक अमित कुमार और उप प्राचार्य राजन कुमार बगेरिया को शैक्षणिक और परीक्षा कार्य को गंभीरता से नहीं लेने और पर्यवेक्षणीय उदासीनता के कारण जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक को दोनों कार्मिकों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पलाना के ही राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। शिक्षा निदेशक जाट ने सभी परीक्षा प्रभारियों और संस्था प्रधानों को पूर्ण गंभीरता और प्रभावी ढंग से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसरों में साफ-सफाई बनाए रखें। समान परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों से व्यक्तिगत स्तर पर संपर्क कर उनसे अनुपस्थिति का कारण जानने और सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) किशनदान चारण साथ रहे।

### लापरवाही पर बीएलओ निलंबित

**नोखा,** (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने नोखा विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण की गई है। निलंबित किए गए बीएलओ का नाम राजूराम गोदारा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 12 में बीएलओ के पद पर नियुक्त थे। जारी आदेश में बताया गया है कि राजूराम गोदारा द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (अर्हता दिनांक 01.01.2026) के तहत दिए गए लक्ष्यों के विरूद्ध वांछित प्रगति हासिल नहीं की गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप गणना प्रपत्र भी प्राप्त नहीं किए। इस लापरवाही और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान राजूराम गोदारा को निर्वाचक पंजीयन अधिकारी/उपखण्ड कार्यालय नोखा में अपनी उपस्थिति देनी होगी।

### आपसी रंजिश में युवक से मारपीट

**बीकानेर,** (कासं)। आपसी रंजिश में युवक से मारपीट का मामला व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में दर्ज कराया गया है। राजनगर निवासी फूसी देवी की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उसका पुत्र विकास व्यास कॉलोनी सर्किल से साइंस पार्क की ओर जा रहा था। इस दौरान नवीन गोदारा, हरिओम व अन्य एक्टिवा पर आए और विकास का फोन छीनकर मारपीट की। दांतों से काट खाया। बाद में हड़मान मूंड, गजेन्द्र मूंड ने घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। पूर्व में खेतपाल, नवीन, मुखराम, सचिन व गौरीशंकर ने पुत्र हर्षित के साथ भी मारपीट की थी।

# नाला मरम्मत ठेका 34 लाख का, मेजरमेंट में 7.50 लाख का माना

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम में एक टेंडर इतना बड़ा हो गया कि उसके आगे जेईएन से लेकर कमिश्नर तक कुछ नहीं कर पा रहे। 16 अक्टूबर 2024 को वर्क ऑर्डर हुआ। 22 फरवरी 2025 तक काम खत्म करना था। अब पूरा साल बीत गया, न काम खत्म हुआ और न ही बिल सबमिट हुआ। हैरानी की बात यह कि निगम ने जो मेजरमेंट निकाला, वो 7.50 लाख का ही काम माना मगर उस पर ठेकेदार तैयार नहीं। इसलिए यह पूरा टेंडर अटका हुआ है।

दरअसल दो साल पहले की बारिश में गोल पार्क से लेकर महिला मंडल स्कूल तक की सड़क बैठ गई। साथ में नाला भी बैठ गया।

वहां के फैरोकवर गायब हो गए। निगम ने 34 लाख का टेंडर निकाला। हैरानी की बात यह कि ठेकेदार ने 35.35 प्रतिशत कम में ले लिया। ठेकेदार का दावा है कि उसने काम

■ **निगम ने 34 लाख का टेंडर निकाला, हैरानी की बात यह कि ठेकेदार ने 35.35 प्रतिशत कम में ले लिया था**

पूरा कर दिया मगर जब मौका देखा तो कोई भी काम से संतुष्ट नहीं था। निगम ने दूसरे इंजीनियर्स से मेजरमेंट कराया तो काम 7.50 लाख का ही माना।

क्योंकि महिला मंडल की ओर से लेकर फर्नीचर गली तक पूरा नाला बिना फैरोकवर के है।

जूनागढ़ गेट से फर्नीचर गली तक जो फैरोकवर लगे हैं वे भी पुराने बताये गए। दूसरी बात-जब ठेकेदार ने काम पूरा कर दिया था, तो उसे बिल सौंपना चाहिए जो आज तक निगम को नहीं मिला। ठेकेदार मुजीब खिलजी का दावा है कि बिल बनाने का काम जेईएन का है। जेईएन ने जो बिल बनाया उस पर ठेकेदार की भी सहमति होना जरूरी है। ऐसा शर्तों में है, मगर ठेकेदार इसमें सहमत नहीं और इसी वजह से न तो यह काम पूरा हो रहा है, न ही यहां दूसरी फर्म को काम दिया जा रहा है।

खबर है कि जिस फर्म को काम मिला उसे निगम के कुछ सीनियर इंजीनियर्स का सपोर्ट है। कहा यह भी जा रहा है कि 35.35 प्रतिशत बिलो दर होने के बाद यह काम 21.92 लाख का हो रहा है।

पवन बंसल, एक्सईएन, नगर निगम बीकानेर का कहना है कि नाले पर जितना काम हुआ उसका मेजरमेंट कर लिया। उस हिसाब से जो राशि बनती है, वो ठेकेदार को दे दी जायेगी। बचे काम के लिए नया टेंडर कराएंगे। अब वह नाला मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

## घर से पांच लाख रूपए चोरी

**बीकानेर,** (कासं)। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। एक घर से चोर करीब पांच लाख रूपए चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। हालांकि अब तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है।

मामले के अनुसार सिरोही निवासी जितेन्द्र कुमार प्रजापत यहां बेगाणी मोहल्ले में किराये के घर में रहते हैं। जितेंद्र किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। घर पर ताला लगाया हुआ था। वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर के कमरों में भी ताले टूटे हुए थे।

एक अलमारी में करीब पांच लाख रूपए नगद रखे हुए थे, जो चोर उठाकर ले गया। जितेन्द्र ने तुरंत इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना भी किया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। बेगाणी मोहल्ले में लोगों के घरों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# बार एसोसिएशन के चुनाव 12 दिसम्बर को

**बीकानेर,** (कासं)। बार एसोसिएशन के चुनाव इस बार 12 दिसम्बर को होने जा रहे हैं। चुनाव के लिए अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है, लेकिन बार अध्यक्ष विवेक शर्मा ने एक सूचना में इस आशय की जानकारी दी है।

राजस्थान हाईकोर्ट ने भी 12 दिसम्बर को चुनाव कराने के आदेश दिए हैं। चुनाव की आहट के साथ ही कई सीनियर एडवोकेट्स ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। वर्तमान बार अध्यक्ष विवेक शर्मा ने एक सूचना जारी की है कि सभी बार एसोसिएशन के चुनाव 12 दिसम्बर 2025 को निर्धारित है। ऐसे में वार्षिक चंदा सभी अधिवक्ताओं को जमा कराना है। जिनका बकाया है, जिनका बकाया है, उन्हें 30 नवम्बर तक का समय दिया गया है।

उधर चुनाव की तारीख तय होने से पहले ही कई सीनियर वकील मैदान में उतर गए हैं। पूर्व में अध्यक्ष रह चुके सीनियर एडवोकेट अजय पुरोहित ने

■ **राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश पर तारीख तय, कई सीनियर वकील तैयारी में जुटे**

जहां प्रचार ही शुरू कर दिया है। वहीं युवा अधिवक्ता संजय रामावत के भी मैदान में उतरने की उम्मीद जताई जा रही है। इन दो के अलावा भी कई वकील चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। अलग अलग गुट बन गए हैं, जो अपने अपने समर्थक वकीलों के लिए लॉबिंग कर रहे हैं। बीकानेर में नियमित प्रेक्टिस करने वाले वकीलों के अलावा आसपास के जिलों और गांवों में रहने वाले कई युवा अधिवक्ताओं का रजिस्ट्रेशन भी बीकानेर में है। इनसे भी चुनाव की गणित कई बार बनती और बिगड़ती है।

# बर्फीली हवाओं से गंगानगर में ठंड बढ़ी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं और नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में एक बार फिर कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है।

बुधवार सुबह कृषि अनुसंधान केंद्र, श्रीगंगानगर पर न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री रिकार्ड किया गया। पिछले तीन दिनों में पारा करीब डेढ़ डिग्री तक गिर चुका है। मौसम विभाग ने 27 नवंबर को राजस्थान के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 27 नवम्बर से नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है। इसके असर से 27-28 नवम्बर को जोधपुर, उदयपुर और अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघ गर्जना के साथ हल्की बारिश हो

■ **न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा**

सकती है। वहीं श्रीगंगानगर जिले में 27 नवम्बर को पूरे दिन बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने की संभावना है। श्रीगंगानगर में दिन का तापमान अभी 26-28 डिग्री के बीच बना हुआ है, लेकिन रात और सुबह-शाम तेज सर्दी का अहसास हो रहा है।

हवाओं का रूख उत्तर-उत्तर पश्चिमी हो गया है और हिमालय की तरफ से आने वाली ठंडी हवाएं सीधे श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ के सिंचित इलाकों पर असर डाल रही हैं।

## बोलेरो पलटी, एक की मौत

**जसरासर,** (कासं)। कातर-लालगढ़ रोड पर बढ़सर के पास एक बेकाबू बोलेरो गाड़ी पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए।

मृतक की पहचान उदयपुर शेखावाटी के मानकसास निवासी 21 वर्षीय देवराज सिंह के रूप में हुई है। घायलों में प्रीतम सिंह और सौरभ सिंह शामिल हैं। उन्हें जसरासर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। एएसआई भागीरथ ने बताया कि ये लोग उदयपुर शेखावाटी से जैसलसर एक बारात में शामिल होने जा रहे थे। कातर और बढ़सर के बीच बोलेरो बेकाबू होकर पलट गई। देवराज सिंह के शव को सांडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया गया है।

# बैंक खाते की गलत एंट्री, खामियाजा प्रसूता भुगत रही है

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार बेटी के जन्म पर जननी सुरक्षा योजना और लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत 50 हजार रूपए तक की आर्थिक सहायता मुहैया कराती है, लेकिन सिस्टम की लापरवाही के कारण प्रसूताओं को इसका लाभ लेने के लिए भटकना पड़ता है।

ताजा मामला पूगल उप जिला अस्पताल का है, जहां लिपिकीय भूल का खामियाजा प्रसूता को भुगतना पड़ रहा है। उसे मिलने वाली रकम की किश्त किसी दूसरे के बैंक खाते में जमा हो रही है। इस गलती को सुधरवाने के लिए प्रसूता के पिता दो महीने से चक्कर लगा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पूगल डेली तलाई निवासी सालूराम की पुत्री गुड्डी देवी की डिलीवरी मई में उप जिला अस्पताल में हुई थी। प्रसूता ने बेटी को जन्म दिया था। जननी सुरक्षा योजना के तहत उसे 1400 रूपए और लाड़ो प्रोत्साहन योजना की प्रथम किस्त के 2500 रूपए बैंक खाते में डाल दिए गए। प्रसूता का पीहर जैसलमेर है। वहां पहुंचकर जब उन्होंने बैंक में पता किया तो खाते में रूपए नहीं आये थे।

बैंक ऑफ बड़ौदा की हनुमान चौराहा जैसलमेर शाखा में गुड्डी देवी का खाता संख्या 08528100012580 है, जबकि अस्पताल से छुट्टी देते समय ऑनलाइन एंट्री के दौरान कर्मचारी ने इसी नंबर पर सबसे पीछे 80 की जगह 90 अंकित कर दिया। लाड़ो प्रोत्साहन योजना की पहली किश्त के 2500 रुपए गलत खाते में ट्रांसफर हो गए।

सालूराम, डेली तलाई ने कहा कि मैं पढ़ा लिखा नहीं हूं। खाता नंबर वहीं के किसी कर्मचारी ने ही कागज पर लिखे थे। मैंने पूरे पैसे नहीं दिए तो जानबूझकर गलत एंट्री कर दी। एम्बुलेंस भी नहीं भेजी।

डॉ. देवेंद्र चौधरी, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि खाता नंबर गलत लिखकर दिए, जिसकी वजह से एंट्री में भी गलत चढ़ गए। पीएमओ ने बैंक को लिखा दिया है। अगली किश्त उसी के खाते में जमा होगी। पहले वाली किश्त के लिए उन्हें बैंक से ही संपर्क करना होगा।

# केन्द्रीय मजदूर संगठनों से विचार किये बिना एकतरफा चार लेबर कोड थोपने का विरोध

**बीकानेर,** (कासं)। किसान आंदोलन के पांच वर्ष बाद भी केन्द्र सरकार ने लिखित आश्वासनों की धज्जियां उड़ाते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य कानूनी गारंटी आज तक लागू नहीं की है। दूसरी तरफ केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय मजदूर संगठनों से विचार किये बिना एकतरफा चार लेबर कोड थोप दिये हैं।

सरकार के अनुसार इन लेबर कोड से 'व्यापार करने की सुगमता' को बढावा मिलेगा। जबकि श्रमिक संगठनों का मानना है कि ये बड़े व्यवसायी और कॉर्पोरेट के मुनाफे के लिए आधुनिक गुलामी और शोषण का संहिताबद्ध हमला है। 10 केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के निर्णय अनुसार आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित किये गये। इन चार श्रम कोड के अनुसार हडताल करने के लिए 60 दिन का नोटिस देना आवश्यक होगा। किसी भी संस्था में 300 से कम कर्मचारी कार्यरत हो, वहां श्रमिकों की छंटनी करने का मालिकों को अधिकार होगा। आज संविधान दिवस के अवसर पर इस श्रम कानून के माध्यम से श्रमिकों के कार्य के घण्टे बढाये गये है। महिलाओं को रात्रि पारी में कार्य करते हुए विवश किया गया है। देश की आजादी से पूर्व अंग्रेजो द्वारा लागू किये गये श्रमिकों के हक में बनाये गये और इसके बाद बनाये गये 29 श्रम कानूनो को समाप्त कर चार लेबर कोड जारी किये गये है। स्थायी नियुक्ति के जो नियुक्ति पत्र जारी किये जायेंगे वे फिक्स 11 महिने के लिए जॉब हेतु होंगे।

पूर्व में भी देश के 20 करोड़ मजदूर व कर्मचारी इन लेबर कोड के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल कर चुके है। श्रमिक संगठनों की मांग है कि ये चार लेबर कोड वापस लिये जाए, स्पेशल एक्ट 1976 लागू किया जाए। इण्डियन लेबर कांफ्रेंस की बैठक बुलाए बिना एक तरफा गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया है, जो कॉर्पोरेट घरानों को मजदूरों के शोषण की खुली छूट देता हैं।

बीकानेर में केन्द्रीय श्रमिक संगठनों ने श्रम कानूनों के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

■ **आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित किये गये**

## गजेन्द्र सिंह आज श्रीगंगानगर आयेंगे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत 27 नवम्बर को एक दिवसीय श्रीगंगानगर जिले के दौरे पर रहेंगे। शेखावत 26 नवम्बर को सराय रोहिल्ला रेल से रवाना होकर 27 नवम्बर को सुबह 7:25 बजे सर्किट हाउस, गंगानगर पहुंचेंगे।

सुबह 8:45 बजे सर्किट हाउस से रवाना होकर 9 बजे सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के आवास चक 5 एलएनपी पहुंचेंगे। 10:30 बजे 5 एलएनपी से रवाना होकर 11 बजे गांव डूंगरसिंहपुरा पहुंचेंगे। जहां डूंगरसिंहपुरा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 1:15 बजे डूंगरसिंहपुरा से रवाना होकर 2:15 बजे तपोवन आश्रम जवाहर नगर जाएंगे और स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

शाम 3 बजे गंगानगर में बीजेपी ऑफिस में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2025/4521 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25-11-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर वृक्ष 1 ऐफ छोटी मुरब्बा नं. 07 के किला नं. 3 ता 8, 14 ता 18, 23 ता 25 में माप 249.9 इन्टू 660.6 फीट का पट्टा संख्या 8244 दिनांक 23.05.2018 को श्री विजय बंसल पुत्र श्री चिरंजी लाल बंसल, लेखराम बंसल पुत्र श्री इन्द्रमूल, कपिल बंसल पुत्र श्री विजय कुमार एवं अनिल कुमार पुत्र श्री लेखराम के नाम से जारी किया हुआ है। श्री विजय कुमार बंसल की मृत्यु उपरान्त इनके वारिसें श्री कपिल बंसल पुत्र श्री विजय कुमार बंसल निवासी म.न. 33-34, गांधी नगर, श्रीगंगानगर (60 प्रतिशत हिस्सा) एवं श्रीमती पारूल गुप्ता पत्नी श्री राकेश कुमार निवासी म.न. 1 सी 14 जवाहरनगर श्रीगंगानगर (40 प्रतिशत हिस्सा) जारिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 15.09.2025 के द्वारा क्रय कर पंजीकृत बैयनामा, वारिसनामा, अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई औपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक:- नियमन/2025/4522 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25/11/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 जैड मुरब्बा नं. 41 के किला नं. 4, 5 में भूखण्ड संख्या का माप 25'0'' गुणा 47'6'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री गुरदीप सिंह पुत्र श्री तरसेम सिंह निवासी चक 7 जैड श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री गुरदीप सिंह पुत्र श्री तरसेम सिंह निवासी चक 7 जैड श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 जैड मुरब्बा नं. 41 के किला नं. 4, 5 में भूखण्ड संख्या का माप 25'0'' गुणा 47'6'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4520 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25.11.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कपिल मिढढा पुत्र श्री बनवारी लाल निवासी 46/47, वार्ड नं. 41, गली नं. 12, इन्द्रा कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 किला नं. 18, 13 में माप 25 इंटू 50 फीट भू.सं. एमई-52, महालक्ष्मी एन्कलेव, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 9469 दिनांक 6.3.2019 को श्री ज्योति प्रकाश गोयल पुत्र श्री मदन लाल कांडा के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री कपिल मिढढा द्वारा पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 25.4.2022 की प्रति प्रस्तुत कर भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री कपिल मिढढा पुत्र श्री बनवारी लाल निवासी 46/47, वार्ड नं. 41, गली नं. 12, इन्द्रा कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1000 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.G